# प्रसार भारती
# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 12.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

## '' मुख्य समाचार''

- एयर इंडिया का लंदन जा रहा यात्री विमान गुजरात के अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास मेघानी नगर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त।
- राष्ट्रपति, उप–राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और अन्य नेताओं ने हादसे पर जताया गहरा शोक।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–आलू का समर्थन मूल्य घोषित करेगी प्रदेश सरकार।
- शिमला के निकट जाठिया देवी में बसेगा नया शहर–पहले चरण में बनेंगे 9 सौ 11 फ्लैट।

**अब समाचार विस्तार से...........**

## गुजरात विमान दुर्घटना

एयर इंडिया का लंदन जाने वाला यात्री विमान आज गुजरात के अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास मेघानी नगर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उड़ान संख्या एआई–171 का यह विमान अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भर रहा था। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के अनुसार विमान में दो सौ बयालीस लोग सवार थे, जिनमें 2 पायलट और 10 केबिन क्रू शामिल थे। इनमें से एक सौ उन्नहत्तर भारतीय नागरिक, तिरेपन ब्रिटिश नागरिक, एक कनाडाई नागरिक और 7 पुर्तगाली नागरिक हैं। दुर्घटना पर अधिक जानकारी के लिए एयर इंडिया ने एक यात्री हॉटलाइन नंबर 1800 5691 444 स्थापित किया है। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो के महानिदेशक, निदेशक जांच और जांच टीम भी अहमदाबाद के लिए रवाना हो गए हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बताया कि सभी विवरणों के समन्वय के लिए मंत्रालय में एक परिचालन नियंत्रण कक्ष सक्रिय कर दिया गया है। मंत्रालय ने कहा है कि वह सभी प्रभावितों को त्वरित और पूर्ण सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने विमान हादसे पर गहरा दुख जताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एयर इंडिया विमान दुर्घटना को हृदय विदारक बताया है।

उन्होंने कहा कि वे प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे मंत्रियों और अधिकारियों के संपर्क में हैं। नरेंद्र मोदी ने कहा कि दुख की इस घड़ी में, उनकी संवेदनाएं सभी प्रभावित लोगों के साथ हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद विमान हादसे पर दुख व्यक्त किया। सोशल मीडिया पोस्ट में अमित शाह ने कहा कि आपदा राहत बल को तत्काल घटना स्थल पर भेज दिया गया है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी विमान हादसे पर दुख व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में अश्विनी वैष्णव ने कहा कि विमान हादसे से उन्हें गहरा दुख पहुंचा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अहमदाबाद में हुए विमान हादसे पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री रुशिकेश पटेल से बात की और स्वास्थ्य सुविधाओं और राहत कार्यों के बारे में जानकारी ली। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल, सांसद अनुराग सिंह ठाकुर, सुरेश कश्यप, राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार, इंदू गोस्वामी, पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल, शांताकुमार और अन्य नेताओं ने भी इस हादसे पर गहरा दुख जताया। भाजपा ने इस दुखद घाटना को देखते हुए आज के दिन के लिए निर्धारित अपने सभी कार्यक्रम भी रद्द कर दिए हैं।

## धनीराम शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने राज्य अल्पसंख्यक वित्त व विकास निगम द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए सामुदायिक स्तर पर सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया है। कर्नल शांडिल आज निगम की 53वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस बैठक में निगम द्वारा अल्पसंख्यक समुदायों के कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और गतिविधियों की समीक्षा की गई। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि निगम द्वारा विभिन्न जिलों में अल्पसंख्यक समुदायों को जागरूक करने के लिए आयोजित किए गए शिविरों को लोगों का भरपूर

सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा अधिकतम 20 लाख रूपए तक के शिक्षा ऋण की सुविधा भी प्रदान की जाती है।

## जगत नेगी

बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने अधिकारियों को बागवानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए हैं ताकि सेब सीजन के दौरान उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। जगत सिंह नेगी ने आज शिमला में आगामी सेब सीजन को लेकर बागवानों के साथ आयोजित बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बैठक में यातायात, यूनिवर्सल कार्टन, मार्केटिंग, सड़कों की स्थिति और ढुलाई सहित अन्य समस्याओं पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि बागवानों ने छोटे सीए स्टोर बनाने और सेब की पैदावार व गुणवत्ता बढ़ने के सुझाव भी दिए। नेगी ने कहा कि बागवानों के करोड़ों रूपए अभी व्यपारियों के पास फंसे हुए हैं।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार जल्द ही आलू का समर्थन मूल्य घोषित करेगी। मुख्यमंत्री ने आज शिमला में राज्यस्तरीय बहु–हितधारक सम्मेलन में कहा कि इससे किसानों की आर्थिकी को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि ऊना जिला में लगभग 20 करोड़ रूपए की लागत से आलू प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयासरत  है। उन्होंने कहा कि इसके लिए अनेक नवीन योजनाएं लागू की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर पूर्वी राज्यों के बाद हिमाचल में केंसर के मामलों में सबसे अधिक बढौतरी देखी जा रही है। खानपान की आदतों में बदलाव इसका मुख्य कारण हो सकता है। इसका पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## धर्माणी

तकनीकी शिक्षा और ग्राम व नगर नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि शिमला के निकट जाठिया देवी में नया शहर बसाने पर जल्द ही काम शुरू होगा। आज शिमला में हिमुडा के निदेशक मंडल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए धर्माणी ने कहा कि जाठिया देवी में पहले चरण में 9 सौ 11 फ्लैट बनाए जाएंगे। इस टाउनशिप को पर्यावरण मित्र बनाने के लिए ग्रीन एनर्जी सोलर पैनल लगाए जाएंगे।

## रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि हिमाचल शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा ही अग्रणी राज्य रहा है। आज कोटखाई में सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि वर्तमान में असर की रिपोर्ट के अनुसार रीडिंग और लर्निंग में हिमाचल देश भर में प्रथम स्थान पर रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी सरकार शिक्षकों और छात्रों के सहयोग से सकारात्मक प्रयास करती रहेगी ताकि हिमाचल पूरे देश में शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल राज्य बन सके। रोहित ठाकुर ने कोटखाई में निर्माणाधीन बस अड्डे के परिसर का निरीक्षण भी किया। इस दौरान कोटखाई क्षेत्र के विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों ने भी शिक्षा मंत्री के साथ मुलाकात की और अपनी समस्याएं रखी।

## बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने नाहन विधानसभा क्षेत्र के तीन गांवों वनकलां, रखनी और गवाड़ो के लिए बनी सड़क को कुछ लोगों द्वारा कांटेदार तार लगा कर बंद कर देने की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। बिंदल ने आज एक बयान में कहा कि ये सड़क डेढ़ महीने से बंद है और इन गांवों के लोगों को जंगल से कूद फांद कर मुख्य सड़क तक पहुंचना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रभावित लोगों ने कई बार ये मामला जिला प्रशासन, प्रदेश सरकार और स्थानीय विधायक के समक्ष उठाया लेकिन अभी तक कोई हल नहीं निकला है। उन्होंने इस मार्ग को तुरंत खुलवाने की मांग की।

*नाहन विधानसभा क्षेत्र की बंथला, रखणी, गवाड़ो तीनों गांव की बनी हुई पक्की सड़के डेढ़ महीने से बंद होना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है, बहुत ही कष्टदायक है, यहां पर रहने वाले सैकड़ों सैकड़ों भाई, बहन, बच्चे, अब वो बिना सड़क के इधर–उधर जंगलों से, खेतों से कूदते फांदते मेन रोड के ऊपर आने को मजबूर, लोक निर्माण विभाग और सरकार और चुने हुए प्रतिनिधि हाथ पर हाथ धरकर बैठे हैं।*

## विकसित भारत

देश भर में 29 मई से 12 जून तक चलाया गया विकसित कृषि संकल्प अभियान आज सम्मपन हो गया। इस मौके पर शिमला के निकट कुफरी में केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान द्वारा किसान गोष्ठी और किसान मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश सरकार में कृषि सचिव सी.पाल. रासू ने की। उन्होंने इस मौके पर कहा कि इस पूरे अभियान के दौरान प्रदेश के दो लाख से अधिक किसानों ने इसका लाभ उठाया।

## सूरत नेगी

भाजपा नेता सूरत नेगी ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के किन्नौर दौरे को पूरी तरह विफल करार दिया है। सूरत नेगी ने आज रिकांगपिओ में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि मुख्यमंत्री ने किन्नौर में आकर जिले के लिए कोई भी घोषणा नहीं की। सूरत नेगी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जिले में अपनी सरकार के नाम पर जो कार्य गिनवाए, वह केंद्र सरकार की योजनाओं के तहत हुए हैं और प्रदेश सरकार का इन में कोई सहयोग नहीं है। सूरत नेगी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने किन्नौर दौरा शोंगठोंग परियोजना में हुए कथित भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने के लिए किया। उन्होंने किन्नौर दौरे के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा जिले की महिलाओं के लिए कोई भी घोषणा नहीं करने को भी दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया।

## ''मुख्य समाचार एक बार फिर''

- एयर इंडिया का लंदन जा रहा यात्री विमान गुजरात के अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास मेघानी नगर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त।
- राष्ट्रपति, उप–राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और अन्य नेताओं ने हादसे पर जताया गहरा शोक।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–आलू का समर्थन मूल्य घोषित करेगी प्रदेश सरकार।
- शिमला के निकट जाठिया देवी में बसेगा नया शहर–पहले चरण में बनेंगे 9 सौ 11 फ्लैट।